हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025

13 भगवान राम को केवट ने कराई गंगा पार



14 मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब



## खबर संक्षेप

### जैवलिन थ्रो में अमन जाखड़ ने जीता गोल्ड

**झज्जर।** भिवानी के भीम सिंह स्टेडियम में चली 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में एचडी स्कूल साल्हावास के खिलाड़ी अमन जाखड़ ने अंडर-17 आयु वर्ग की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय के एथलेटिक्स कोच रविंद्र कुमार ने बताया कि संस्थान के होनहार खिलाड़ी अमन जाखड़ ने 57.50 मीटर दूर भाला फेंकते हुए यह मेडल जीता। अब वह नेशनल लेवल की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व प्राचार्य सतबीर सिंह ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### नशीले पदार्थ के आदतन अपराधी को भेजा जेल

**झज्जर।** जिले में पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक आदतन नशा तस्कर को तीन माह के लिए जेल भेज दिया है। आरोपी रेनूपाल निवासी स्थानीय शिव कॉलोनी बेरी रोड के खिलाफ नशा तस्करी के थाना शहर में छह मामले दर्ज है। डीसीपी जसलीन कौर ने बताया की भारत सरकार ने 1988 में पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम लागू किया था। यह अधिनियम ऐसी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को हिरासत में लेने की अनुमति देता है, जो कि बार-बार नशा तस्करी में संलिप्त पाए जाते हैं। जिला पुलिस ने इस नियम के तहत कार्रवाई करते हुए ऐसे आदतन अपराधियों के खिलाफ केस तैयार किए थे। जिस पर मंजूरी मिलने के बाद जिला पुलिस द्वारा यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भटेड़ा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान भटेड़ा गांव के घाटौली पाना निवासी करीब बीस वर्षीय कंवरपाल के तौर पर हुई है। कर्ण सिंह की माछरौली बस स्टैंड पर हलवाई की दुकान है जिसमें कंवरपाल अपने पिता का हाथ बंटाता था। वीरवार की रात कंवरपाल खाना खाकर सो गया था। जब वह सुबह देर तक नहीं उठा तो परिजन उसे जगाने पहुंचे जहां वह बेसुध अवस्था में बिस्तर पर लेटा था। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में 12 शिकायतों का किया निपटारा

## खानपुर खुर्द के बलजीत ने की पेड़ काटने की शिकायत कृषि मंत्री बोले- उनकी पसंद के पेड़ लगाए वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित ग्रीवेंस कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कुल 15 शिकायतें रखी गईं, जिनमें से 12 शिकायतों को दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 3 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखा गया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का निपटारा समयबद्ध करें। उन्होंने पेड़ काटने के मामले में शिकायतकर्ता की पसंद के पेड़ लगाने के निर्देश दिए।



### बहादुरगढ़ में प्लॉट से जुड़े मामले में कमेटी गठित

खानपुर खुर्द निवासी बलजीत की पेड़ काटे जाने के मामले में सुनवाई करते हुए वन विभाग को शिकायतकर्ता की पसंद के पेड़ लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्वालिसन गांव निवासी अरुण कुमार की जमीन से मिट्टी उठाए जाने से संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। बहादुरगढ़ निवासी अरुण कुमार अरोड़ा की सेक्टर 17 में प्लाट से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए एसडीएम बहादुरगढ़ की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर अगली मीटिंग में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

आर्यन मान को बधाई देने के बाद पंचायत मंत्री ने गिनवाईं विभाग की उपलब्धियां

## सीएफसी ग्रांट आते ही प्रदेश भर की पंचायतों को विकास कार्यों के लिए मिलेगी राशि : कृष्णलाल पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार शुक्रवार को बहादुरगढ़ पहुंचे और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के प्रधान बने आर्यन मान के ताऊ अशोक मान व दलबीर मान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आर्यन मान ने पूरे देश में क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। इस मौके पर मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में पंचायत विभाग की उपलब्धियों की भी जानकारी दी।

पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कहा कि हाल ही में हुई तेज बारिश और उससे बनी जलभराव की स्थिति से नायब सरकार बखूबी निपट रही है। इस आपदा की घड़ी में सरकार जनता के साथ खड़ी रही है।



### 15 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाएगा

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तुरंत गिरदावरी के आदेश दिए और पोर्टल पर आए आवेदनों की जांच उपरांत किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से खराबे की क्षतिपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार हर गांव में महिला सांस्कृतिक केंद्र और ई-लाइब्रेरी खोल रही है। इसके लिए कंप्यूटर, फर्नीचर और किताबें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। साथ ही आधुनिक जिम भी खोले जा रहे हैं। गांवों की फिरनी समेत 3 से 4 करम के रास्ते पक्के किए जा रहे हैं और गांवों में स्ट्रीट लाइटें भी लगवाई जा रही हैं।

### सेंट्रल फाइनेंस कमीशन को ग्रांट मामले में जवाब भेजा

पंचायतों को विकास के लिए धनराशि आवंटित किए जाने के सवाल पर उन्होंने बताया कि सेंट्रल फाइनेंस कमीशन की ग्रांट पर केंद्र की ओर से आपत्तियां लगाई गई थीं, जिसका जवाब सरकार ने भेज दिया है। ग्रांट मिलते ही तुरंत पंचायतों को अलॉट कर दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि जीएसटी में दी गई रियायत का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 10 हजार से अधिक की आबादी वाले 22 गांवों में महाग्राम योजना चल रही है। पहले चरण के पूरा होने के बाद इसका दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। पंवार ने दावा किया कि 2004 से 2014 के मुकाबले में 2018 से 2024 के दौरान प्रदेश में अपराधों में कमी आई है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, पप्पू दलाल, युवराज छिल्लर, सोनू मान, प्रदीप राठी, नरेंद्र दलाल, जयभगवान राठी, सोनू वत्स, माल्हड़ पहलवान आदि मौजूद रहे।

मेंटेनेंस के चलते बंद रहा बराही रेलवे फाटक, हजारों यात्री हो रहे परेशान

शुक्रवार को रेलवे ने विकास नगर के नजदीक मरम्मत कार्य किया

## आज भी सुबह 9 से रात 12 बजे तक बंद रहेगा, रेलवे ने भेजी सूचना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बीते दिनों हुई बरसात के चलते रेलवे ट्रैक के स्लीपर्स में आई खामियों को दूर करने के लिए रेलवे की ओर से मरम्मत कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को विकास नगर के नजदीक बराही फाटक पर मरम्मत कार्य किया गया। मरम्मत कार्य के लिए सुबह 9 से रात 12 बजे तक फाटक बंद करने की सूचना जारी की गई थी। सुबह 9 बजते ही फाटक बंद कर दी गई और काम शुरू हो गया। क्षेत्र की आबादी का एक बड़ा हिस्सा लाइनपार क्षेत्र में बसा है। हजारों लोग रोजाना फाटक को पार कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। दिनभर फाटक बंद रहने से लोगों को काफी मुश्किल झेलनी पड़ी।

### रेलवे ने पुलिस से मांगा सहयोग : व्यवस्था बनाने को फाटक पर तैनात रहेंगे जवान

रेलवे की ओर से शनिवार को भी बराही फाटक के आसपास मरम्मत काम किया जाएगा। इसके चलते सुबह 9 से रात 12 बजे तक फाटक बंद रहेगी। इस संबंध में रेलवे की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। फाटक बंद रहने के चलते अव्यवस्था हावी न हो, इसलिए पुलिस से भी रेलवे ने मदद मांगी है और आमजन से सहयोग की अपील की है।

### जाम में फंस गए वाहन : अंडरपास की मरम्मत के चलते गड़बड़ाई व्यवस्था

हालांकि विकल्प के तौर पर अंडरपास और नाहरा-नाहरी फ्लाईओवर है लेकिन शुक्रवार को अंडरपास में भी मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया, जिस कारण लोगों की दिक्कतें बढ़ गई। सुबह और शाम के वक्त फ्लाईओवर के आसपास जाम की स्थिति रही। जिससे लोग परेशान रहे ।

## लाइनपार को शहर से जोड़ने वाले अंडरपास की मरम्मत शुरू




**बहादुरगढ़।** लाइनपार को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाले रेलवे अंडरपास की मरम्मत का काम आखिरकार शुरू हो गया। शुक्रवार को अधिकारियों टीम मौके पर पहुंची और कार्य शुरु कराया। मरम्मत कार्य अगले कई दिन तक चलने की संभावना है। तब तक अंडरपास पूरी तरह आम नागरिकों के लिए बंद रहेगा। दरअसल, अंडरपास की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों की ओर से लगातार शिकायतें की जा रही थी। इनेलो नेता प्रवीण दलाल ने बताया कि बार-बार की शिकायतों के बाद ही रेलवे ने संज्ञान लेकर मरम्मत की प्रक्रिया शुरू करवाई है।

### *40 करोड़ से बना था*

*बता दें कि करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से चार साल पहले बने इस अंडरपास को लाइनपार इलाके को शहर से जोड़ने के लिए तैयार किया गया था, लेकिन निर्माण के समय से ही यह विवादों में घिरा रहा। निर्माण के बाद चालू हुआ तो शुरुआत में ही जलभराव के कारण यहां एक व्यक्ति की मौत हो गई। अंडरपास की डिजाइन और बनावट पर भी सवाल उठते रहे हैं। बारिश के दिनों में यहां जलभराव की गंभीर समस्या बनी रहती है, जिसके चलते कई बार इसे बंद करना पड़ता है। फिलहाल अंडरपास की सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। रोड़ियां निकलने से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। रोशनी, निकासी और सुरक्षा के इंतजाम भी नाकाफी हैं। लोगों का कहना है कि मरम्मत और देखरेख न होने के कारण अंडरपास परेशानी का कारण बन गया था। इसके निर्माण में लगी सामग्री की भी जांच होनी चाहिए।*

सड़क किनारे खड़े ट्रक से छोटा हाथी टकराया, शुक्रवार अल सुबह हादसा

## केएमपी में हादसा, युवक की मौत, दूसरा गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दरियापुर के पास केएमपी एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से छोटा हाथी गाड़ी की टक्कर हो गई। हादसे में छोटा हाथी गाड़ी में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के लिए ट्रक चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। बादली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

हादसा शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, यूपी के हमीदपुर से एक टाटा ऐस यानी छोटा हाथी गाड़ी जयपुर के लिए रवाना हुई।

### मुजफ्फरनगर का रहने वाला था विपिन

करनाल के घरौंडा का निवासी अमन इसे चला रहा था, जबकि सेकंड ड्राइवर के तौर पर मुजफ्फरनगर का विपिन भी गाड़ी में मौजूद था। चालक अमन के मुताबिक, सुबह करीब पांच बजे दरियापुर के पास केएमपी पर पहुंचे तो सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। एकाएक हमारी गाड़ी उससे टकरा गई। हादसे में विपिन की मौके पर मौत हो गई। जबकि मुझे काफी चोट आई। राहगीरों ने संभाला और अस्पताल लेकर गए। वहीं, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

अनाजमंडी में पहुंचा 60 हजार क्विंटल बाजरा, जल्द धान आने की भी उम्मीद

सोमवार को अफसरों से मिलेंगे आढ़ती

## मंडी में काटे जा रहे गेट पास, नहीं हो रही खरीद, किसान व आढ़ती परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अनाज मंडी में बाजरे व धान की फसलों की आवक लगातार जारी है। शुक्रवार को भी किसान बाजरा व धान की फसल लेकर मंडी पहुंचे। गेट पास काटे जा रहे हैं लेकिन खरीद शुरू न हो पाने के कारण किसान व आढ़ती मायूस हैं। लगातार आवक से अनाजमंडी में बनाई गई टिन शेड के बाहर भी बाजरे के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगे हैं। मंडी में साठ हजार क्विंटल से अधिक बाजरा पहुंच चुका है। अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि अभी बाजरे की खरीद भी शुरू नहीं हुई है और मंडी में धान भी आना शुरू हो गया है। जिसके चलते आगामी पखवाड़े में परेशानी आ सकती हैं। अभी केवल 1509 व 1621 किस्म का धान का मंडी में आ रहा है।

लगातार आवक से अनाजमंडी में बनाई गई टिन शेड के बाहर भी बाजरे के ढेर लगे



### धान की फसल आने से बाजरे में मिक्स होने का खतरा

एक पखवाड़े के बाद धान की अन्य किस्में भी मंडी में पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार बाजरा खरीद का लेकर लैटर भी जारी कर चुकी है जिसमें बीती 23 सितंबर से बाजरा खरीदा जाना था। ऐसे में यदि शीघ्र खरीद शुरू नहीं की गई तो अनाजमंडी धान व बाजरे की फसल से भर जाएगी। जिससे न केवल फसल मिक्स होने का खतरा बढ़ेगा बल्कि बरसात आने पर फसल के रख-रखाव में भी परेशानी आएगी। सरकार को चाहिए कि वह शीघ्र खरीद कार्य शुरू करें ताकि साथ-साथ फसलों का उठान भी हो सके। उन्होंने कहा कि वे सोमवार को बाजरा खरीद के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से भी मिलेंगे।

किसान बोले- एक फसल बर्बाद, दूसरी पर भी खतरा मंडराया

## बामड़ोली के खेतों में महीनेभर से भरा है कई- कई फुट पानी, किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बरसात के बाद बिगड़े हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे। इलाके के कई गांवों के खेतों में अब भी कई-कई फुट पानी भरा हुआ है। जलभराव के चलते किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। किसानों की मौजूदा फसल तो बर्बाद हो ही चुकी है। पानी भरा होने के कारण अगली फसल की तैयारी पर भी संकट खड़ा हो गया है। गांव बामड़ोली में भी हालात गंभीर हैं। परमवीर, संदीप, कुलदीप, सुरेंद्र, कश्मीर, प्रताप, राजपाल आदि किसानों का कहना है कि बीते दिनों बरसात के दौरान ड्रेनें ओवरफ्लो हो गई थी। इस दौरान कुलासी लिंक ड्रेन ओवरफ्लो होकर पानी बामड़ोली के खेतों में आ गया। यहां 100 से अधिक एकड़ खेतों में जलभराव हो गया। समय पर पानी नहीं निकलने के कारण सारी फसल बर्बाद हो गई। लगभग एक महीना होने को है लेकिन आज भी पानी खेतों से नहीं निकल पाया है। चार से पांच फुट पानी खेतों में खड़ा है।



### प्रशासन के कान बंद, नहीं सुन रही गुहार

प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन पानी निकालने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा। कामकाज तो प्रभावित है ही, अपने खेतों की मढ़ी, पूजन स्थल पर भी नहीं जा पा रहे। इतना ही नहीं, पानी नहीं निकला तो अगली फसल की तैयारी यानी गेहूं की बिजाई भी नहीं कर सकेंगे। इससे दोहरी मार झेलनी पड़ जाएगी। प्रशासन इस तरफ ध्यान दें। खेतों में मोटर के जरिये पानी निकालने की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को कुछ तो राहत मिले।

## कहीं से थार तो कहीं से बस-ट्रैक्टर के पार्टस चोरी, केस

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहीं। अब बादली, माजरी, आसंडा और शहर के महावीर पार्क में चोरी के मामले सामने आए हैं। कहीं से वाहन चोरी किए गए हैं तो कहीं से बैट्री तथा वाहनों के पार्ट्स पर हाथ साफ किया गया है। संबंधित थाना पुलिस ने मामलों में जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चरखी दादरी के निवासी सोनू ने कहा है कि दोस्त सचिन उसकी थार गाड़ी लेकर गया था। सचिन ने बहादुरगढ़ में रोहतक रोड स्थित एक होटल के बाहर गाड़ी खड़ी की और अंदर जाकर सो गया। जब अगली सुबह होटल से बाहर निकला तो गाड़ी नहीं मिली। इस शिकायत पर सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज हुआ है। आसंडा के निवासी हरेंद्र का कहना है कि 25 सितंबर की सुबह जब वह अपने खेत में गया तो सोलर ट्यूबवैल मोटर व वायर नहीं मिले। इस शिकायत पर आसौदा थाने में केस दर्ज हुआ है। माजरी के निवासी इंद्र देव ने कहा कि उसकी बाइक के इंजन सहित अन्य सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जबकि गांव में एक स्थान से ऑटो की बैट्री चोरी हुई है। वहीं बादली में अनुज व ओम की गाड़ियों, सुभाष के ट्रैक्टर तथा मोहन सिंह की स्कूल बस से बैट्री निकालने के मामले सामने आए हैं। एक ही रात में यह वारदात हुई है। अनुज की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हुडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

■ युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. IIT बॉम्बे – AI व डेटा साइंस
2. IIT दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. IIT मद्रास – B.Sc. Data Science & AI (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. IIT हैदराबाद – AI में विशेष M.Tech प्रोग्राम
5. IISc बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. IIIT हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. IIIT बेंगलुरु – AI व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. IIM बेंगलुरु/अहमदाबाद – AI व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. CDAC (Centre for Development of Advanced Computing) – AI व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. JNU व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व AI संबंधित M.Sc./Diploma

## यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science – 4 साल
- M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning – 2 साल
- PG Diploma in AI/ML (CDAC, IITs, IIITs) – 1 साल
- Certificate Courses (Coursera, NPTEL, Udemy, EdX) – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (Fresher): 6–10 लाख प्रति वर्ष (AI इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- Mid-Level (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- Senior Roles (10+ साल): 30–50 लाख+ (AI Architect, Research Scientist)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीकः** भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिएः कोडिंगः** पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंसः** डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंगः** सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटीः** डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करेंः** आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करेंः** कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधनः** रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएंः** जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंगः** लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवाः** दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप

### रैली को सफल बनाने पर जताया आभार


शीला राठी

बहादुरगढ़। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने रोहतक में आयोजित सम्मान दिवस रैली को सफल बनाने पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। महारैली में उमड़ी भीड़ कार्यकर्ताओं के उत्साह और जोश का ही परिणाम है। रैली में पूरे प्रदेश से लाखों कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। महारैली ने अब तक हुई सभी रैलियों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते हुए पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की अपील की। उनके अनुसार प्रदेश की राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव आएगा।

### दीनदयाल के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान

बहादुरगढ़। शहर के हरि गार्डन में सेवा पखवाड़े के तहत भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा को समर्पित रहा। आज भाजपा सरकार उन्हीं विचारों को धरातल पर उतार रही है। पीपीपी संयोजक सतीश खौला ने कहा कि संगठन की मजबूती और जनता की सहभागिता से ही भाजपा जनसेवा के कार्यों को गति दे रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर चेयरपर्सन सरोज राठी ने की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिला संयोजक दिनेश कौशिक, संजय कबलाना ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

### शिविर में 232 ने करवाई नेत्र जांच

बहादुरगढ़। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वार्ड नंबर-2 में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 232 लोगों की जांच हुई। इसमें से 75 को चश्मे भी दिए गए, और 18 लोग मोतियाबिंद लक्षणों से ग्रस्त मिले, उनके ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अपनाई गई। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने शिरकत की। उनके साथ महेश कुमार, पालेराम शर्मा, अन्नू अनिल सिंघल, अशोक शर्मा, राजेश मकड़ौली, अश्विनी शर्मा, पवन रोहिल्ला, कर्मवीर शर्मा, कृष्ण चंद्र, सुरेंद्र भारद्वाज, सचेत कुमार, जयपाल सरोहा आदि मौजूद रहे।

### चिन्हित अपराधों की कड़ी निगरानी हो : डीसी

झज्जर। चिन्हित अपराधों की गहनता से जांच और प्रभावी पैरवी ही अपराधियों को सजा दिलाने का सबसे सशक्त माध्यम है। डीसी पाटिल ने शुक्रवार को चिन्हित अपराध योजना की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। कई बार मामूली तकनीकी खामियों और अधूरी साक्ष्य श्रृंखला के कारण गंभीर अपराधों में भी आरोपी बच निकलते हैं। प्रारंभिक स्तर से ही केस फाइल मजबूत की जाए और अभियोजन पक्ष हर सुनवाई में सशक्त पैरवी सुनिश्चित करें। पुलिस अधिकारियों से कहा कि जांच रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत हो और गवाहों की सुरक्षा व उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में हुआ मंचन

# वनवास पहुंचे श्रीराम-सीता और लक्ष्मण को केवट ने कराई गंगा पार

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा पिछले करीब 262 वर्षों से मंचन किया जा रहा


झज्जर। नाव में बैठकर गंगा करते हुए श्रीरामसीया एवं लक्ष्मण जी, स्वयंवर में धनुष तोड़ने उपरांत महाराज जनक के दरबार में भगवान श्रीराम के साथ उपस्थित सीता जी, रामलीला मंचन की समाप्ति पर आरती के दौरान मंच पर उपस्थित भगवान श्रीराम-सीता एवं लक्ष्मण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में दिन के समय चल रहे मंचन के दौरान शुक्रवार को महामंत्री सुमंत द्वारा श्रीरामचंद्र जी, सीता जी व लक्ष्मण को वन तक छोड़ने जाना तथा उसके बाद भगवान श्रीरामचंद्र का गंगा तट पर पहुंचना, वहां केवट की सहायता से नाव में गंगा पार करने के दृश्यों का मंचन किया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि महामंत्री सुमंत वनवासी का वेश धारण किए हुए रामसीया व लक्ष्मण को रथ में बैठाकर उन्हें अयोध्या के बाहर तक छोड़ने जाते हैं। महाराज दशरथ ने उन्हें आदेश दिया था कि वे तीनों को वन में घुमाकर वापिस अयोध्या ले आए। रात्रित विश्राम के दौरान सुमंत के सोने पर श्रीरामचंद्र जी सीता माता व लक्ष्मण को लेकर वनों की प्रस्थान करते हैं। वे गंगा तट पर पहुंचते हैं और वहां खड़े केवट से गंगा पार कराने का आग्रह करते हैं। जिस पर केवट द्वारा संशय जताया जाता है कि सुना है आपने अपने चरणों के स्पर्श द्वारा एक पत्थर को नारी बना दिया था। इसलिए हे प्रभु आपके जादू भरे चरणों से मुझे भय लग रहा है कि कहीं मेरी नाव भी कुछ और न बन जाए। फिर मेरे परिवार की रोजी-रोटी कैसे चलेगी। इसके बाद केवट द्वारा भगवान श्रीरामचंद्र, माता सीता व लक्ष्मण जी के चरण धुलाने के बाद ही उन्हें नौका में बैठाया जाता है। जब भगवान श्रीराम केवट से नदी पार कराने के किराए के रूप में अपनी अंगूठी देने लगते हैं तो केवट कहता है कि हे प्रभु जिस प्रकार मैने अपनी नाव में आपको पार कराया है उसी प्रकार मुझे भी आप भवसागर पार करा देना। केवट की इस चतुराई से भगवान श्रीरामचंद्र जी बहुत प्रसन्न होते हैं। बता दें कि श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा पिछले करीब 262 वर्षों से दिन के समय रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

### रात्रि रामलीलाओं में हुआ सीता स्वयंवर व लक्ष्मण-परशुराम संवाद

शहर के पुराना स्टैंड परिसर में श्री लवकुश रामलीला कमेटी के कलाकारों तथा भगत सिंह चौक के नजदीक श्रीविकास रामलीला क्लब सदस्यों द्वारा किए जा रहे रामलीला मंचन में वीरवार की रात्रि सीता स्वयंवर व लक्ष्मण-परशुराम संवाद के दृश्यों का मंचन किया गया। मंचन के दौरान दिखाया जाता है कि सीता स्वयंवर में एक से बढ़कर एक राजा-महाराजा धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए अपना बल आजमाते हैं। लंकापति रावण भी स्वयंवर में पहुंचता है लेकिन लंका में आग लगने का समाचार मिलने के कारण वह बगैर कोई प्रयास किए वापिस लौट जाता है। इसके बाद सभी महारथी थक जाते हैं तो गुरु विश्वामित्र श्रीराम को धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए कहते हैं। जिसके बाद श्रीराम धनुष उठा कर प्रत्यंचा चढ़ाते हैं तो वह टूट जाता है। इसके बाद परशुराम जी अपने फरसे के साथ वहां पहुंचते हैं तथा टूटे हुए शिव धनुष को देखकर क्रोधित हो उठते हैं। इस बीच लक्ष्मण व परशुराम के जमकर संवाद होते हैं। जिसके बाद श्रीरामचंद्र जी अपने विनम्र स्वभाव के चलते परशुराम जी के क्रोध को शांत करने में सफल रहते हैं। इसके बाद सीता जी श्रीराम के गले में वरमाला डालती हैं। इस दौरान भव्य राम बारात के दृश्य का मंचन भी किया जाता है। इस दौरान ढोल नंगाड़ों के साथ आतिशबाजी भी की जाती है।

### शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान


बहादुरगढ़। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते भाजपा नेता।

बहादुरगढ़। भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को झज्जर चुंगी के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक दिनेश कौशिक और नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। रक्त का संचय ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। शिविर में 35 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य कमाया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए दिनेश कौशिक ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि एक दान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है। सरोज राठी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह सेवा का सबसे श्रेष्ठ कार्य है, जो सीधे समाज और मानवता के हित में होता है। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामकंवार सैनी, रमेश आर्य, आशू सैनी, रवि कौशिक, अनिल कानौंदा, कृष्ण पांचाल आदि मौजूद रहे।

### ˙तरशाखा प्रतियोगिता में छुछकवास ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

झज्जर। आरईडी विद्यालय में शुक्रवार को अंतरशाखा क्लब प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरईडी शाखाओं के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत और डिप्टी डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। चार वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में तीसरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। लिटरेरी क्लब, बडिंग साइंटिस्ट क्लब, सोशल एनवायरमेंट क्लब, विजुअल एंड परफॉर्मिंग आर्ट क्लब, आईटी क्लब और एसयूपीडब्ल्यू क्लब के अंतर्गत भाषण, वाद-विवाद, पठन कौशल, क्विज, पब्लिक स्पीकिंग, चार्ट मेकिंग, टाइपिंग, वेब डिजाइनिंग और पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में छुछकवास शाखा प्रथम, झज्जर द्वितीय व दादरी तृतीय रही। छठी से आठवीं कक्षा तक के वर्ग में छुछकवास पहले, झज्जर दूसरे व दादरी शाखा तीसरे स्थान पर रही। नौवीं से दसवीं कक्षा तक के वर्ग में छुछकवास को प्रथम, दादरी को द्वितीय व झज्जर को तृतीय स्थान मिला। ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा तक के वर्ग में छुछकवास शाखा प्रथम, झज्जर शाखा द्वितीय रहीं। ओवरऑल ट्रॉफी छुछकवास शाखा के नाम रही। सभी विजेता विद्यार्थियों को निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।



झज्जर। विजेता विद्यार्थियों व संस्थान स्टॉफ के साथ निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत।

### युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया


बहादुरगढ़। बच्चों को संबोधित करते एसआई सत्यप्रकाश सिंह।

बहादुरगढ़। युवाओं को नशे तथा बुरी संगत से बचाने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को लडरावण स्थित सत कबीर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए इस बुराई से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। एसआई सत्यप्रकाश ने युवाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तौर पर हमारा नुकसान करता है। आपराधिक वारदातों और दुर्घटनाओं का भी यह बड़ा कारण है। नशा हंसते-खेलते परिवार को बर्बाद कर देता है। इसलिए इससे दूर रहना चाहिए। अभिभावक बेहद उम्मीदों के साथ अपने बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर भेजते हैं। इसलिए हमें अपने माता-पिता की उम्मीदों का भी ख्याल रखना चाहिए। हमें ऐसा काम करना चाहिए, जिससे अभिभावकों तथा समाज को गर्व हो। इसलिए नशे से दूर रहें और पढ़ाई के साथ साथ खेल या किसी सकारात्मक क्षेत्र में भी हाथ आमजाने की कोशिश करें। बुरी संगत छोड़ अच्छी आदतों को अपने जीवन में शामिल करें।

### स्वच्छोत्सव पर एसएससीडी अभियान चलाया



बहादुरगढ़। बादली के राजकीय महाविद्यालय में 8 हरियाणा बटालियन एनसीसी रेवाड़ी के निर्देशन में स्वच्छोत्सव के अवसर पर एसएससीडी अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के 45 कैडेट्स ने भाग लिया।एनसीसी अधिकारी डॉ. मनजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभियान की थीम एक दिन, एक घंटा, एक साथ रही। जिसके तहत कैडेट्स ने कॉलेज परिसर व आस-पास के क्षेत्रों में एक साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कैडेट्स ने नारे और पोस्टरों के माध्यम से संदेश दिया कि स्वच्छता ही सेवा है और हर व्यक्ति को अपने जीवन में स्वच्छता को आदत बनाना चाहिए। कॉलेज प्राचार्य मेजर आनंद कुमार ने इस अवसर पर कैडेट्स के उत्साह व अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।

### विमुक्त व टपरीवास जातियों व पात्र वर्गों को मिला योजनाओं का लाभ

झज्जर। सभी वर्गों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं संचालित हो रही हैं और लोग योजनाओं का लाभ लेते हुए राष्ट्र विकास में सहभागी बन रहे हैं। यह बात कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को बाल भवन प्रांगण में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते कही। घुमंतू जनजातियों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए राज्य सरकार ने जो योजनाएं चलाई हैं, उनका असर अब धरातल पर साफ दिखाई देने लगा है।



### बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन




झज्जर। बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी व सुपरवाइजर संघ द्वारा सेक्टर छह स्थित सीएमओ कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला प्रधान मनीषा ने कहा कि एमपीएचडब्ल्यू फीमेल के पास ऑनलाइन कार्य करने के लिए कोई भी सरकारी उपकरण विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराए गए हैं और ना ही वे बगैर किसी प्रशिक्षण के यह कार्य कुशलता से कर पा रही हैं। कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि जब तक उन्हें सरकार की ओर से संसाधन मुहैया नहीं कराए जाते तब तक वे ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगी। इसके बाद उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय प्रतिनिधि को ज्ञापन भी सौंपा।

### नशे के खिलाफ मिलकर करना होगा काम



झज्जर। जिले को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर उपमंडल स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव और वार्ड स्तर पर पहले से गठित टीमों को एक्टिव मोड में लाया जाए और एसडीएम इन टीमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को इस मुहिम से जोड़ा जाए और जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर चलाया जाए।

### प्रभात फेरी निकालकर किया जागरूक




झज्जर। तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी में शुक्रवार को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली के बाद एनसीसी कैडेट्स द्वारा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान भी किया गया। विद्यालय निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास और प्राचार्य नसीब अहलावत ने एनसीसी कैडेट्स को बधाई देते हुए सदैव समाज सेवा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि वे स्वच्छता अपनाते हुए अन्य लोगों को भी साफ-सफाई के लिए प्रेरित करें।

### स्लोगन लेखन में नेहा ने पाया पहला स्थान



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के भूगोल विभाग में विश्व पर्यटन दिवस पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता और कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन भूगोल विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने किया। प्राचार्य दलबीर सिंह में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में एमए द्वितीय वर्ष की नेहा ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष के नितेश ने दूसरा और बीए प्रथम वर्ष के चिराग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि एमए प्रथम वर्ष की सिमरन का प्रयास सराहनीय रहा। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में एमए द्वितीय वर्ष की उमा ने पहला, अंकिता ने दूसरा और भावना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का निर्णय भूगोल प्राध्यापिका सुनीता बेनीवाल, राजमल और दीपा ने किया।

### तृतीय सौपान कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल खेड़ी खुम्मार में आयोजित भारत स्काउट एवं गाइड का तृतीय सौपान कैंप आयोजित हुआ। समापन कार्यक्रम लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित हुआ। जहां डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल व उनकी धर्मपत्नी मोहिनी पाटिल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।कैंप में लगभग 250 बच्चों और अध्यापकों ने भाग लिया। कैंप में बच्चों को स्काउटिंग कौशल, टीमवर्क और अनुशासन के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति और देशभक्ति से भी जोड़ा गया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने बताया कि सुबह छह बजे बीपी सिक्स से दिन की शुरुआत हुई, ध्वजारोहण, प्रशिक्षण सत्र और भोजन के बाद शाम को फ्लैग लोवरिंग होती थी। रात नौ बजे कैंप फायर में बच्चों ने लकड़ियां इकट्ठा कर आग जलाते हुए देशभक्ति गीत, डांस और रागनी प्रस्तुत की। बच्चों ने हरियाणवी संस्कृति और देशभक्ति की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

### सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



झज्जर। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को एमएसडब्ल्यू ऐप पर जबरन हाजिरी लगाने के विरोध में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारी हाथों में उल्टी झाड़ू लिए हुए सरकार विरोधी नारे लगाते लघु सचिवालय तक पहुंचे। उन्होंने सरकार द्वारा जारी पत्र की प्रतियां जलाकर भी रोष जताया। इस जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन में नगर पालिका सफाई कर्मचारी इकाई के प्रधान शिवम चांवरिया ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा को समाप्त करना, शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का वेतन 26 से 27 हजार रुपये करना, एमएसडब्ल्यू ऐप को बंद करना, सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये देना और 5 हजार रुपये जोखिम भत्ता लागू करना शामिल है। इस मौके पर इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, कोषाध्यक्ष गौरव, जिला सचिव विकास बोहत, ऑडिटर कृष्ण, नवीन, शिब्बू, राजेश, धर्मपाल, कुलदीप, शीतल, मनीषा, दया, कमलेश, विद्या, बबीता, सुशीला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बाबा कांशी गिरी मंदिर में भजन संध्या कार्यक्रम

# आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में..

### मां भगवती व बाबा हनुमान के भजनों से महिमा का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नवरात्र पर्व के चलते शहर के मंदिरों में सुबह आराधना सांय काल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। बाबा कांशी गिरी मंदिर में भजन संध्या कार्यक्रम में योगेश रंजन, देवेश शर्मा, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, नयन हंस, आयुष शर्मा, सुधांशु हंस ने एक के बाद एक मां भगवती व बाबा हनुमान के भजनों से महिमा का गुणगान किया। सुधांशु हंस ने आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में..राजेंद्र वधवा ने तेरे तन पे सिंदूरी चोला..नयन हंस ने जय जय बजरंग बली..आयुष धीरज शर्मा ने दुनिया मे देव हजारों है, बजरंग बली तेरा क्या कहना..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान श्री वीर हनुमान सेवा समिति के प्रधान सुभाष वर्मा, वेद बहल पाशु, देवेश शर्मा, भारत भूषण नंदा, मनोहर लाल, साहिल वर्मा, शिवम तनेजा, सुधांशु हंस, तुषार वर्मा, सक्षम वर्मा, विनोद भूटानी, वंशु वर्मा, योगेश रंजन, भवित वर्मा, नयन हंस, राजेंद्र वधवा, लोकेश वर्मा, राघव हंस, अश्वनी शर्मा, विकास नरुला, आयुष सैनी, ज्ञानेंद्र सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### 21 दिवसीय श्री सुंदरकांड पाठ महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

बहादुरगढ़। सनातन धर्म महावीर मंदिर में 12 सितंबर से 2 अक्टूबर विजयादशमी तक चलने वाले 21 दिवसीय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। समिति प्रधान जगदीश ऐलावाधी, तरुण चुघ, सुरेश छाबड़ा, देवराज पुनियानी, राकेश मोंगिया, अशोक दुआ, अनिल मदान, खरेती लाल बतरा, मोरार चंद बत्रा, शमशेर ठुकराल, संजय भाटिया, अशोक मोंगा, यश एशपुनिहानी, गौरव सपड़ा, अशोक परूथी व कुलभूषण खुराना आदि की अगुवाई में कई विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। दसवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए धार्मिक भजन प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें 78 बच्चों ने भाग लिया। यूकेजी में पढ़ने वाली बच्ची ओरम कौशिक ने अपनी आवाज व प्रतिभा से प्रथम स्थान प्राप्त किया। धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। सही जवाब देने वाले राम भक्तों को पुरस्कृत किया गया। बीती रात विशाल गरबा महोत्सव करवाया गया। भजनों की धुन पर नृत्य करने के साथ ही भक्तों ने डांडिया खेला। मनीष चौहान द्वारा शुक्रवार से सोमवार 29 सितम्बर तक 4 दिवसीय मानस चिंतन (श्री राम कथा) प्रस्तुत की जाएगी। बुधवार को सायं 7 बजे श्री राम बारात निकाली जाएगी। मंदिर से निकलकर भगवान श्रीराम जी की बारात मेन बाजार व लाल चौक से होते हुए संत कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचेगी। यहां सीता स्वयंवर का मंचन होगा। शुक्रवार 2 अक्टूबर को विजय दशमी पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर से मेन बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, सुभाष चौक, गांधी चौक, माडोठी बाजार व झज्जर रोड होते हुए पुराने कोर्ट परिसर पहुंचने के बाद रावण दहन होगा।

### आत्मशुद्धि आश्रम का 59वां वार्षिकोत्सव शुरू



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के पहले दिन वेदों की महिमा का बखान करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

*बहादुरगढ़। आत्मशुद्धि आश्रम का 59वां स्थापना दिवस व वार्षिकोत्सव शुक्रवार को यज्ञ के साथ शुरू हुआ। इसके बाद भजन व उपदेश आदि कार्यक्रम हुए। आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव जी नैष्ठिक के सानिध्य में आयोजित इस वार्षिकोत्सव में अनेक लोगों शामिल हुए। यज्ञब्रह्मा आचार्य उमेश चंद्र रहे। योगाचार्य सतपाल वत्स ने सुबह 5 से 6 बजे तक यौगिक क्रियाएं करवाई। उन्होंने बताया कि मनुष्य को व्यस्त जीवन शैली में से कुछ समय ध्यान व योग के लिए भी निकालना चाहिए, क्योंकि योग से मन ही नहीं बल्कि शरीर भी स्वस्थ रहता है। फिर साढ़े 7 बजे से साढ़े 11 बजे और सायं 3 बजे से 7 बजे तक यज्ञ भजन व उपदेश का क्रम चला। स्वामी रामानंद सरस्वती, आर्य तपस्वी सुखदेव वर्मा, डॉ. रवि शास्त्री, शिवस्वामी और कैप्टन महेंद्र पंवार ने कहा कि वेदों का अनुसरण ही सुख, शाति का मार्ग है। वेद जीवन जीने की कला है, जो जीवन के सत्य का बोध कराता है। भजनउपदेशक आचार्य भगवान दास जी महाराज, पंडित जयभगवान आर्य, संगीताचार्य पंडित लक्ष्मण प्रसाद, पंडित धनीराम बेधड़क, तबलावादक रामानंद सिवान, राधेश्याम आर्य आदि के मधुर भजनों का कार्यक्रम बड़ा सराहनीय रहा। कार्यक्रम में अनेक आर्य सन्यासी, विद्वान, विदुषिया तथा आर्य समाज के मुख्य कार्यकर्ता व भजनोपदेशक शामिल रहे।*

## खबर संक्षेप



### जिले के मुक्केबाजों ने जीते दो गोल्ड मेडल

**झज्जर।** जिले की धरती ने एक बार फिर मुक्केबाजी में अपना लोहा मनवाया है। स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के दो मुक्केबाजों ने मुंबई में आयोजित सर्विसेज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि उनके खिलाड़ी हितेश गुलिया ने 70 किलोग्राम भार वर्ग और हितेश चाहर ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने दोनों मुक्केबाजों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आलेख लेखन में प्रथम रही झज्जर की रेनू



**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय ऑनलाइन आलेख लेखन प्रतियोगिता करवाई थी। नव पीढ़ी और हिंदी भाषा की चुनौतियां विषय पर हुई प्रतियोगिता में प्रदेश के 32 महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। झज्जर के महाराजा अग्रसेन पीजी कॉलेज ऑफ वीमेंस की रेनू प्रथम, सोनीपत के हिंदू कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रिया और झज्जर के इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज की ज्योति गर्ग द्वितीय, दुजाना राजकीय महाविद्यालय की प्रियांशी, रोहतक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की निकिता और वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की रितिका तृतीय स्थान पर रही।

### खेल महाकुंभ में वीर दलाल ने जीता गोल्ड

**बहादुरगढ़।** सेवा पखवाड़ा के तहत अंबाला में आयोजित खेल महाकुंभ में मांडोठी का वीर दलाल छाया रहा। वीर ने तैराकी की 1500 मीटर फ्री स्टाइल कैटेगिरी में गोल्ड मेडल हासिल किया। वीर दलाल मदर प्राइड स्कूल का छात्र है और अपने आयुवर्ग में लगातार जीत दर्ज कर रहा है। इस महीने में वीर दलाल ने सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य तथा सीबीएसई नॉर्थ जोन में चार मेडल जीते थे।



## नवरात्र: चौथे दिन भक्तों ने मां कुष्मांडा स्वरूप की पूजा-अर्चना की

# मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

### अल-सुबह ही मंदिरों में दिखने लगी थी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी


श्रद्धा एवं आस्था के प्रतीक नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा स्वरुप का पूजन अर्चन हुआ। नवरात्रों के साथ ही प्रारंभ हुआ धार्मिक माहौल निरंतर बना हुआ हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ अल-सुबह ही मंदिरों में दिखने लगी हैं।

**पुलिस के जवान तैनात किए:** वहीं कस्बा बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए व अपने परिवार की मंगल कामना करते हुए पूजा अर्चना की। पूरा माहौल मेले सरीखे बना हुआ हैं और गलियों आदि में लगने वाले बाजार की रौनक भी देखते ही बन रही हैं। मां भीमेश्वरी देवी के प्रति श्रद्धालुओं की खास आस्था हैं। मां के नवरात्रों को पूरी श्रद्धा एवं सच्ची आस्था के साथ रखने वाले लोगों के मन की मुरादें पूरी होती हैं। मंदिर में लोगों के आने का सिलसिला निरंतर बढ़ रहा है। सप्तमी एवं अष्टमी पर यहां भीड़ और अधिक देखने को मिलेगी।

■ सप्तमी एवं अष्टमी पर भीड़ और अधिक देखने को मिलेगी

**सुरक्षा के व्यापक प्रबंध**

पुलिस द्वारा सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए है। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है और भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए है। मेला परिसर के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है।





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा और मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो : हरिभूमि

### मेला परिसर सीसीटीवी की जद में, प्रशासनिक स्तर पर लगाए गए 79 कैमरे

**बेरी।** धर्मनगरी बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर परिसर में लगने वाले मुख्य मेले की तैयारियों का शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जायजा लिया। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि मेला में विशेषकर सप्तमी व अष्टमी को मां भीमेश्वरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में मेला के पिछले अनुभवों के आधार पर श्रद्धालुओं का अनुमान लगाते हुए मेला परिसर में सुरक्षा, पेयजल, अग्निशमन, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी, पार्किंग,साफ सफाई, दोनों मंदिरों में रात्रि के समय प्रकाश की समुचित व्यवस्था आदि प्रबंधों को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मुंडन के लिए निर्धारित स्थल और कंट्रोल रूम में सीसीटीवी का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने डीसी को अवगत कराया कि इस बार मेला में 79 कैमरे लगाए गए हैं और जरूरत अनुसार इनकी संख्या बढ़ा दी जाएगी। वहीं, डीसीपी लोगेश कुमार पी ने मेला में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मेले में पार्किंग और वाहनों की आवाजाही को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।



## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

# कुट्टू का आटा, सिंघाड़ा आटा, सामक साबुतदाना आदि के नौ सेंपल लिए

■ हाल ही में नवरात्र के दौरान दिल्ली में भी काफी लोग हो गए हैं बीमार

■ पांच दुकानों से कुट्टू आटा के चार, सामक के तीन तथा साबुत दाना के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एक दुकान पर सेंपल लेते अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा।

मिलावटी कुट्टू के आटे से बने पकवान खाकर अक्सर लोगों के बीमार होने के मामले सामने आते हैं। हाल ही में नवरात्र के दौरान दिल्ली में भी काफी लोग बीमार हो गए। इसके बाद से यहां हरियाणा सरकार व खाद्य सुरक्षा विभाग भी इस दिशा में गंभीर है। विभाग की ओर से ताबड़तोड़ छापेमारी कर दुकानों से कुट्टू के आटे व व्रत संबंधित खाद्य सामान की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीम ने बहादुरगढ़ में दस्तक दी। टीम ने यहां अनाज मंडी व सब्जी मंडी में पांच दुकानों पर कुट्टू के आटे, सिंघाड़े के आटे, सामक आदि की जांच की। यहां पांच दुकानों से कुट्टू आटा के चार, सामक के तीन तथा साबुत दाना व सिंघाड़ा आटे के एक-एक सेंपल लिए। कार्रवाई करने वाली टीम में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश वर्मा, मंदीप सिंह आदि शामिल थे। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि इन सेंपल को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई होगी। आगे भी इस तरह की छापेमार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार गुणवत्ता युक्त सामान बेचें। लोगों की सेहत से खिलवाड़ न करें।

## स्वतंत्र धाकरे अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष बने





■ कपिल देव भारद्वाज को महामंत्री बने

बहादुरगढ़। अधिवक्ता परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को अधिवक्ता परिषद झज्जर के अध्यक्ष अजय यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें महामंत्री भागवत दयाल मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोशन लाल व यशवीर कड़ौदा की मौजूदगी में बहादुरगढ़ इकाई का गठन किया गया।

स्वतंत्र प्रताप धाकरे को अध्यक्ष, कपिल देव भारद्वाज को महामंत्री, रोहित राज शेखर को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार, संजीव शर्मा, अमित कुमार व शैलेन्द्र यादव को उपाध्यक्ष, घनश्याम राठी और धर्मपाल सैनी को सचिव तथा संजीव पसरिजा, अजीत और अनिल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

स्टडी सर्किल का दायित्व कार्तिक और वर्षा कनोजिया को सौंपा गया। रेणुका, लक्ष्मी और श्वेता को महिला प्रमुख, रवि दलाल और चिराग कौशिक को न्याय प्रवाह प्रमुख, राकेश चंद्र और हितेश कौशिक को न्याय केंद्र प्रमुख तथा अमित शर्मा और भारत डागर को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

## नाहरा–नाहरी रोड पर महिला शौचालय पर लटका मिला ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में सार्वजनिक शौचालयों की कमी है। अगर कहीं शौचालय हैं भी तो वे अव्यवस्था के शिकार हैं। नाहरा–नाहरी रोड पर ड्रेन चौक स्थित शौचालय इसका बड़ा उदाहरण है। यहां महिला शौचालय के गेट पर लंबे समय से ताला लटका हुआ है।

आसपास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। शुक्रवार को यहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि महिला शौचालय में न तो पानी की व्यवस्था है और न ही बिजली की। यही कारण है कि गेट बंद है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को जल्द से जल्द यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाकर महिला शौचालय को सुचारू करना चाहिए, ताकि महिलाओं को परेशानी से निजात मिल सके।





बहादुरगढ़। महिला शौचालय पर लटका ताला।

## एफएमसी की बैठक में राव मंगली राम पार्क मुद्दे को लेकर माहौल गरमाया

**झज्जर।** शुक्रवार को नगर परिषद की वित्त एवं अनुबंध समिति एफएमसी की बैठक में राव मंगली राम पार्क मुद्दे को लेकर माहौल गरमा गया। इसके बाद पार्षद दिनेश यादव ने कहा कि उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि बैठक में नहीं बैठ सकते। केवल अपेक्षित पार्षद ही बैठ सकते है। इसके बाद उपाध्यक्ष एवं अन्य पार्षद प्रतिनिधि बैठक से बाहर चले गए।

■ उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि नहीं बैठ सकते बैठक में

बाद में वार्ड नंबर तीन से पार्षद प्रतिनिध कमल सैनी ने कहा कि राव मंगलीराम पार्क की टूटी हुई दीवार को बनाने और भरत करने के लिए डीएमसी को लिखित में कहा गया था। जिसे इस मीटिंग में रखने की बात कही गई थी। लेकिन अबकी बार भी इसे मीटिंग के एजेंडे में नहीं रखा गया। जिसको लेकर बहस हुई है। वहीं चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि अगले सप्ताह एफएमसी की बैठक में इस प्रस्ताव को रखने के लिए कहा गया था। इस बात को लेकर इश्यू बनाया गया है।



## नीरज प्रधान तो कृष्ण बने सचिव, ली शपथ

**बहादुरगढ़।** हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ जिला झज्जर की बहादुरगढ़ मंडल कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार को किया गया। यह गठन भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रमुख सलाहकार विक्रम सिंह तथा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष सुमित कुमार राठी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवगठित पदाधिकारियों को संगठन के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई और विचार-विमर्श कर मंडल कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। मंडल अध्यक्ष नीरज राठी को बनाया गया है। जबकि उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी योगेश को मिली है। सचिव कृष्ण बनाए गए हैं और कोषाध्यक्ष का पदभार राजेंद्र को सौंपा गया है। देवेंद्र को संगठन सचिव तथा कुलदीप को सह सचिव बनाया गया है। कार्यालय सचिव मनीष व प्रेस सचिव विनोद को बनाया गया है। सागर सह कोषाध्यक्ष तथा दीपक सह प्रेस सचिव रहेंगे। गठन के बाद जिला व मंडल स्तर के नेताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## आरडीडीएस से हो रहा बिजली व्यवस्था में सुधार

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-20 के अंतर्गत अशोक नगर निवासी शुक्रवार को भाजपा नेता जसबीर सैनी से मिले। उन्होंने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से अपने घरों के ऊपर से जा रहे बिजली के तारों को हटवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जसबीर ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द बिजली मंत्री अनिल विज से मिलकर इस समस्या का समाधान करवाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा चलाई गई पुनर्गठित वितरण योजना के तहत दयानंद नगर, सैनीपुरा, शास्त्री नगर में जर्जर तारों का नवीनीकरण किया जा रहा है। बिजली ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। फीडरों को विभाजित कर बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर फूलकंवार, भूप सिंह, जगदीश, राजेश, महावीर, चीनी, बलबीर, अंगूरी, ओमपति, प्रदीप, कपिल, सुशील व महिपाल आदि मौजूद थे।

## माजरा स्कूल में करवाया योगाभ्यास



बहादुरगढ़। आयुष विभाग में कार्यरत रेनू देवी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय नूना माजरा में छात्र छात्राओं को योग के बारे में जानकारी देते हुए योगाभ्यास करवाया। रेनू देवी ने बताया कि योग को जीवन में अपनाकर हम स्वयं को स्वस्थ और रोगमुक्त बना सकते हैं। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों को सूक्ष्म व्यायाम करवाते हुए रेनू देवी ने सभी आसनों का महत्व भी बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## संस्कारम यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन

# 350 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

अमेरिका, दक्षिण कोरिया और केन्या से विशेषज्ञ वर्चुअल रूप से जुड़े वहीं देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्वान प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर






झज्जर। सम्मेलन पहुंचे मुख्यातिथि के साथ उपस्थित चांसलर डॉक्टर महिपाल। फोटो : हरिभूमि

संस्कारम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बेसिक एंड एलाईड साइंसेज द्वारा दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फ्यूचर इनोवेशंस एंड ट्रेंड्स इन साइंसेज का आयोजन किया गया। हाइब्रिड मोड में हुए इस सम्मेलन में देश-विदेश से 350 से अधिक प्रतिभागियों और 25 से अधिक प्रख्यात वैज्ञानिकों व शिक्षाविदों ने भाग लिया।

सम्मेलन में जहां अमेरिका, दक्षिण कोरिया और केन्या से विशेषज्ञ वर्चुअल रूप से जुड़े वहीं देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विद्वान प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज की हेड डॉक्टर प्रियंका परमार ने स्वागत भाषण में सम्मेलन के उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पंजाब यूनिवर्सिटी की डॉक्टर तमन्ना सहरावत ने रोग नियंत्रण में एंटीमाइक्रोबियल पेप्टाइड्स की भूमिका पर व्याख्यान दिया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को नई चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करते हैं।

वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश ने वैश्विक परिवर्तनों के साथ अनुसंधान की गति तेज करने पर बल दिया। इनके अलावा सम्मेलन में डॉक्टर संतोष जोशी ने पारिस्थितिकी तंत्र में लाइकेन की महत्ता, डॉक्टर एमएस बाराक ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की प्रगति और प्रोफेसर अभय ने क्षरण से होने वाले आर्थिक नुकसान पर विचार सांझा किए। समापन सत्र में कॉन्फ्रेंस की कॉर्डिनेटर प्रोफेसर डॉक्टर दिव्या त्यागी ने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों, शोधार्थियों और विशेषज्ञों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान अर्जन व सहयोग का अवसर बना।



झज्जर। जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान के साथ उपस्थित कार्यकर्ता।

## चौधरी देवीलाल जयंती सम्मान समारोह में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ झज्जर की उपस्थिति रही सराहनीय

रोहतक में आयोजित पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती समारोह ऐतिहासिक रहा। सम्मान समारोह में न केवल हरियाणा बल्कि देशभर के बड़े नेताओं ने भाग लेते हुए किसानों के मसीहा ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने बताया कि इस सम्मान समारोह में जिले की उपस्थिति भी सराहनीय रही। सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मान समारोह पहुंचे।

उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह रैली इस बात का प्रमाण है कि ताऊ देवीलाल आज भी जनता के दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने किसानों का कर्ज माफ किया, साइकिल टैक्स और रेडियो टैक्स खत्म करने व बुढ़ापा पेंशन जैसे सराहनीय कार्य किए थे। जिस कारण लोग उन्हें आज भी याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली ने कांग्रेस और भाजपा दोनों की आंखें खोल दी हैं।

सम्मान समारोह में उमड़े जनसैलाब को देखकर प्रतीत होता है कि आने वाला समय में प्रदेश की जनता अभय सिंह चौटाला को मुख्यमंत्री देखना चाहती है। उन्होंने अभय सिंह चौटाला को किसानों का सच्चा नेता बताते हुए कहा कि वे अकेले ऐसे विधायक थे, जिन्होंने किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए बिना किसी लालच के अपना पद छोड़ दिया था।